# गौशाला में 17 गायों की मौत, मचा हड़कम्प

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** देवगढ़ क्षेत्र के शाला गांव में संचालित गौशाला में सोमवार को एक साथ 17 गायों की मौत की खबर से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया है। सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अमला देर रात मौके पर पहुंचा। डॉक्टरों की टीम ने मृत गायों का पोस्टमार्टम किया, जिसके बाद उन्हें दफना दिया गया।

जानकारी के अनुसार शाला गांव स्थित गौशाला में सोमवार रात अचानक एक-एक कर 17 गायों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जौरा एसडीएम, एसडीओपी और 4 डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

देर रात को हुए घटनाक्रम की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय संरक्षक क्षत्रिय करणी सेना के महेंद्र सिंह सिकरवार गौशाला पहुंचें और घटना की जानकारी ली। श्री सिकरवार का कहना है कि गायों की मौत की घटना को लेकर गौशाला प्रबंधन एवं प्रशासन के अधिकारी गंभीरता से जांच करने के बजाय लीपापोती करने की कोशिश में जुट गए है। श्री सिकरवार ने आरोप लगाए है कि विगत करीब 8 साल से संचालित गौशाला में अव्यवस्थाएं बनी हुई है। जिनके चलते यह हादसा हुआ है।

## दुष्कर्म मामले में वांछित नाबालिग समेत दो आरोपी दबोचे

**मुरैना, 19 मई।** सबलगढ़ पुलिस ने नाबालिगा के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में वांछित दो आरोपियों को 19 मई को लकेंजरा की पुलिया के पास से दबोच लिया। जिनमें एक आरोपी नाबालिग बताया गया है। पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता ने 16 मई 2026 को दो आरोपियों के विरुद्ध घर से अगवा किए जाने के बाद दुष्कर्म किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज किया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर लकेंजरा की पुलिया के पास से दोनों आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया।

# गर्मी में नल-जल योजनाएं बंद नहीं होना चाहिए : कलेक्टर

## आवश्यकता होने पर हैंडपंप खनन मशीनें 24 घंटे चलाई जाएं



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिले में पेयजल संकट को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राइजर पाइप, मोटर, बिजली या अन्य तकनीकी खराबी के कारण कोई भी नल-जल योजना बंद नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि गर्मियों में हर गांव तक पानी पहुंचाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

पीएचई विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जहां पानी के स्त्रोत नहीं हैं, वहां नजदीकी नलकूपों का अधिग्रहण कर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जरूरत पड़ने पर हैंडपंप खनन मशीनें दिन-रात चलाकर नए स्त्रोत विकसित किए जाएं।

कलेक्टर ने विशेष रूप से पहाड़गढ़ क्षेत्र को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और कहा कि जो ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरतें, उनके खिलाफ टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि फिलहाल नल-जल योजनाओं के कनेक्शन न काटे जाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिस क्षेत्र से सीएम हेल्पलाइन में पेयजल शिकायत आएगी, वहां की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की मानी जाएगी। बैठक में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, कार्यपालन यंत्री श्री दाहिमा, समस्त एसडीओ पीएचई एवं सब इंजीनियर उपस्थित रहे।

## सबसे दूर-सबसे पहले : सहरिया बसाहटों में पहुंचा प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** जिले में पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान के तहत प्रशासन सहरिया बस्तियों तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाने में जुटा है। जन भागीदारी, सबसे दूर- सबसे पहले अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पहाड़गढ़, कैलारस, जौरा, सबलगढ़ और मुरैना विकासखंड की चिन्हित सहरिया बसाहटों में विशेष शिविर लगाए गए। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में अभियान केत तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहरिया बस्तियों में पैदल भ्रमण कर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया। चौपालों पर जनसुनवाई शिविरों में जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते, वनाधिकार पट्टा और पीएम आवास योजना से जुड़े आवेदन लिए गए।

## फरार स्थाई वारंटी मोनू पारा दबोचा



**मुरैना, 19 मई।** स्टेशन रोड थाने में मारपीट की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 1252/2016 में नामजद मोनू उर्फ मल्लम पारा पुत्र विद्याराम पारा नि. गनपति वाली गली मुरैना विगत 5 साल से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर 18 मई को उत्तमपुरा इलाके से मोनू को दबोच लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई संजय बरैया और उनकी टीम शामिल थी।





## चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, ड्राईवर गिरफ्तार

**मुरैना, 19 मई।** नूराबाद पुलिस ने 18 मई की रात को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एनएच-44 हाईवे पर करूआ गांव के मोड़ के पास से चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ड्राईवर खनिज की रॉयल्टी के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने वाहन को जब्त कर ड्राईवर अमरेश पुत्र राजेन्द्र गुर्जर निवासी गड़ौरा सरायछौला को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी और उनकी टीम शामिल थी।

# एक माह पहले खुद दुष्कर्म किया, अब दोस्तों को साथ लेकर पहुंचा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** 19 अप्रैल 2026 को शादी समारोह में डीजे पर डांस करने के बहाने 16 साल की नाबालिगा को खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने वाला युवक एक महीने बाद 18 मई की रात अपने तीन दोस्तों के साथ पीड़िता के घर आ धमका, छेड़खानी करते हुए आरोपी और उसके दोस्त पीड़िता को साथ ले जाने की कोशिश करने लगे।

मामला देवगढ़ थाना क्षेत्र के कलुआपुरा का है। पीड़िता ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में यह बात बताई है। देवगढ़ थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर के अनुसार पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि 19 अप्रैल को उसके घर में शादी समारोह का आयोजन था। जिसमें गांव का ही युवक रामेश्वर केवट पहुंचा था। शादी में डीजे पर डांस करने के बहाने रामेश्वर पीड़िता को अपने साथ खेतों में ले गया, जहां उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की। आरोपी द्वारा धमकी दिए जाने और लोकलाज के भय से पीड़िता ने परिजन को घटना के बारे में नहीं बताया। घटना को करीब एक माह बीतने के बाद 18 मई की रात को रामेश्वर केवट अपने दोस्त भोलू केवट, पिंटू केवट, विजय केवट के साथ पीड़िता के घर आ धमका और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके द्वारा पीड़िता को अपने साथ ले जाने की कोशिश की गई। पीड़िता के विरोध करने और चिल्लाने पर परिजन पहुंचें तो रामेश्वर और उसके दोस्त भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चारों आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

## शातिर चोर गिरफ्तार, बाइक समेत 315 बोर तमंचा बरामद



**मुरैना, 19 मई।** पोरसा पुलिस ने 19 मई को एक शातिर बदमाश व नकबजन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसके द्वारा 17 मई को हुई चोरी की घटना को अंजाम देना कुबूल किया है। पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अपराध क्रं. 121/26 दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेही आकाश सखवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आकाश ने वारदात को अंजाम देना कुबूल किया। पुलिस ने आकाश के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल और एक 315 बोर का तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किए है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह और उनकी टीम शामिल थी।

# ईश्वर भक्ति ही जीवन में स्थाई शांति का मार्ग : कान्हाजी

## उत्तरप्रदेश के गोवर्धन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** उत्तरप्रदेश के गोवर्धनधाम में इन दिनों आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। चंबल अंचल के सुविख्यात कथावाचक पं. कान्हाजी महाराज अपनी 267वीं श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। कथा का आयोजन परिक्रमा मार्ग स्थित मुरैना के दूधाधारी आश्रम में हो रहा है। इस दौरान 24 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथाचार्य द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जाएगा।

दिमनी क्षेत्र के पूर्व विधायक बलवीर सिंह डंडौतिया एवं श्रीमती अंगूरी देवी के संयोजन में चल रही कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भजनों और कथा प्रसंगों से पूरा आश्रम भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आ रहा है। मंगलवार को व्यासपीठ से पं. कान्हाजी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने कहा कि संसार का सुख क्षणभंगुर है, जबकि ईश्वर भक्ति ही मनुष्य को स्थायी शांति और परम आनंद प्रदान करती है।

कथा के प्रथम दिवस पर गोकर्ण उपाख्यान और भक्ति के प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म पर अडिग रहने का संदेश दिया। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित आश्रम में चंबल अंचल सहित स्थानीय श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ इस कथा को विशेष बना रही है।

# अब कैलारस में रेलवे करेगा चौड़े नाले का निर्माण, दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 19 मई।** कैलारस नगर में रेलवे द्वारा बनाए जा रहे छोटे एवं संकरे नाले को लेकर उठ रही समस्याओं के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नगर में संभावित जलभराव एवं आमजन की परेशानियों को देखते हुए इस संबंध में डीआरएम झांसी एवं कलेक्टर मुरैना को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया गया था।

शिकायत के बाद रेलवे विभाग ने निर्माण कार्य की जांच के लिए अपनी टीम को कैलारस भेजा। जांच टीम ने स्थानीय लोगों एवं संबंधित प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर नाले का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बनाया जा रहा नाला शहर की आवश्यकता के अनुसार काफी संकरा है, जिससे बरसात के समय जल निकासी प्रभावित हो सकती है। रेलवे अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को नियमानुसार नाले की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए। पूर्व में नाले की चौड़ाई 2.5 फुट थी, जिसे अब बढ़ाकर 3 फुट किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि नाले की चौड़ाई बढ़ने से बारिश के दौरान जल निकासी बेहतर होगी तथा शहर में जलभराव की समस्या में काफी हद तक राहत मिलेगी।



## चरवाहे पर चाकुओं से हमला, जख्मी

**मुरैना, 19 मई।** सबलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गुलालई निवासी चरवाहे लाल सिंह गुर्जर पर पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार को गांव के ही भूरा शर्मा, बंटी शर्मा ने चाकुओं से हमला बोल दिया। जिससे लालसिंह लहूलुहान हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हमले के वक्त लालसिंह गुर्जर बकरियों को चराने के लिए जा रहा था। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

## चोरी का खुलासा, बदमाश पकड़ा, माल जब्त



**मुरैना, 19 मई।** नगरा थाना क्षेत्र में विगत 17 मई को कुलदीप पुत्र शिवराज सिंह तोमर के घर से अज्ञात बदमाश जेवरात, नकदी समेत 90 हजार रूपये का माल चुराकर ले गए थे। नगरा पुलिस ने अपराध कायम किया था। पड़ताल के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने 19 मई को म्यासी गांव से एक बदमाश को पकड़ा। जिसने पूछताछ में चोरी करना कुबूल किया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से चुराए गए जेवरात बरामद कर लिए है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई सुखदेव सिंह चौहान और उनकी टीम शामिल थी।

# जौरा में 1 .44 लाख की शराब से भरी स्विफ्ट कार पकड़ी



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 19 मई।** जौरा पुलिस ने सोमवार की रात को अवैध शराब से भरी एक स्विफ्ट कार को जब्त किया। कार से 1 लाख 44 हजार रूपये कीमती देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने दो तस्करों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को मुखबिर ने सूचना दी कि तस्कर स्विफ्ट कार में शराब की खेप लेकर जाने वाले है। पुलिस टीम ने कस्बे में गल्ला मंडी गेट के पास घेराबंदी कर स्विफ्ट कार क्रं. डीएल1सी-डब्ल्यू-4890 को पकड़ा। कार में देशी शराब की 24 पेटियां भरी हुईं मिलीं। जिसका बाजारू मूल्य 1.44 लाख रूपये आंका गया है। कार सहित शराब को जब्त कर पुलिस थाने ले आई। पुलिस ने तस्कर अक्कू उर्फ गौरव सिकरवार, लला उर्फ पुष्पराज के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। कार्रवाई में निरीक्षक ओपी रावत, एएसआई जेपी शर्मा, प्र.आर. प्रवेन्द्र तोमर, गुलाब सिंह, गिरजेश भार्गव, सोनेन्द्र सिंह शामिल थे।



## 1.80 लाख की अंग्रेजी शराब से भरी बोलेरो पकड़ी, 1 गिरफ्तार

मुरैना, 19 मई। रिठौराकलां पुलिस ने 1.80 लाख की अंग्रेजी शराब से भरी एक बोलेरो को पकड़ा है। एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार 18 मई को शराब के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी एसआई संतोषबाबू गौतम ने फोर्स के साथ शनि मंदिर के पास चैक पॉइंट लगाकर सर्चिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर बोलेरो क्रं. एमपी32-सी-0645 के चालक ने वाहन को भगाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने पीछा करने के बाद पुराने रिठौराकलां रेलवे स्टेशन के पास से बोलेरो को पकड़ लिया। ड्राईवर सत्यपाल पुत्र मुंशी गुर्जर नि. कैथोदा एंडोरी जिला भिंड को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान बोलेरो से अंग्रेजी शराब की 45 पेटियां बरामद हुईं। जिनका बाजारू मूल्य 1 लाख 80 हजार रूपये आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

## पत्नी ने भाई-मां के साथ मिलकर पति को पीटा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के सहराना गांव में मंगलवार को सास-बहू के बीच हुए झगड़े के बीच विवाहिता ने फोन पर सूचना देकर मुरैना शहर के तुस्सीपुरा इलाके में रहने वाली अपनी मां और भाई को बुला लिया। जिसके बाद विवाहिता ने अपनी मां और भाई के साथ मिलकर पति की जमकर मारपीट कर डाली।

जानकारी के अनुसार सहराना नीरज जाटव मंगलवार की सुबह घर से काम करने निकला था। घर में मौजूद नीरज की पत्नी रानी का उसकी सास के साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर रानी ने फोन पर सूचना देकर अपनी मां नारायणी देवी और भाई शेर सिंह को बुला लिया। इसी बीच मां द्वारा फोन किए जाने पर नीरज भी घर पहुंच गया था। जिसके बाद रानी ने अपनी मां और भाई शेर सिंह के साथ मिलकर नीरज की लाठी से मारपीट की और सिर पर ईंट से प्रहार किया। जिससे नीरज जख्मी हो गया। नीरज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।


## आम - सूचना

श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रीतम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम पमाया,तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पंचायत बामौर वार्ड क्र.01 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.360/2 ग्राम बामौर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में रास्ता, पश्चिममें-भूखण्ड जाटव, उत्तर में भूखण्ड लक्ष्मी एवं दक्षिण में-भूखण्ड अरूण प्रताप है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में काशीराम (नाबालिग), बीमा (नावालिग), छोटे (नाबालिग पुत्रगण श्री बुद्धा सरपरस्त माँ श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री बुद्धा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बीमा का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री भारत सिंह पुत्र श्री भीमसेन उर्फ भीमा, श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री भीमसेन उर्फ भीमा उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रामबेटी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रीतम सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक एमपी25792018ए 1840282 दिनांक 31.12.2018 से विक्रय की गई। श्रीमती कमला द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी श्री सुनील पाल के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती लक्ष्मी बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार सितारा हाउसिंग फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री बीमा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- **नीरज जैन** (एडवोकेट)
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर,
ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं. 98276-72710






## बाइक चोरी 48 घंटे में ट्रेस, चोर पकड़ा, बाइक बरामद

मुरैना, 19 मई। देवगढ़ थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटे में चोर को गिरफ्तार कर चुराई गई मोटरसाईकिल बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाना पुलिस ने दो दिन पहले हुई बाइक चोरी की वारदात को लेकर अपराध क्रं. 54/26 दर्ज किया था। घटना के बाद से ही पुलिस बदमाश की तलाश कर रही थी। 19 मई को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले नारायण पुत्र राजबहादुर सिकरवार निवासी खिड़ौरा थाना चिन्नौनी को पकड़ा। पूछताछ में उसने वारदात को अंजाम दिया जाना कुबूल किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चुराई गई बाइक बरामद कर ली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, एएसआई कन्हैया सिकरवार, प्र.आर. चंद्रशेखर, रामकुमार, आरक्षक सुनील, शैलेन्द्र, रामेन्द्र, धीरेन्द्र, नारायण, आर. चालक बांकेलाल शामिल थे।



# जींगनी में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, एक लोडर जब्त

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** माताबसैया पुलिस एवं वनविभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को जींगनी गांव में चंबल नदी की रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि श्यामू यादव नामक व्यक्ति द्वारा 20 ट्रॉली से अधिक चंबल नदी के रेत का अवैध रूप से भंडारण किया हुआ है। टीम जींगनी गांव पहुंचीं तो वहां करीब 40 घनमीटर रेत डंप किया मिला। पुलिस ने मौके से एक लोडर भी जब्त किया है। पुलिस ने भंडारण को लेकर भू-स्वामी गिर्राज सिंह, राजवीर उर्फ रामवीर, उदय सिंह और जगदीश पुत्रगण रामदयाल मिर्धा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कार्रवाई में माताबसैया थाना प्रभारी एसआई विवेक सिंह तोमर और दिमनी-माताबसैया थानों का फोर्स और वनविभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल थे।



# जनसुनवाई : कलेक्टर ने 258 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 मई।** कलेक्ट्रेट कार्यालय मुरैना में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का अंबार नजर आया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने 258 आवेदकों की शिकायतें सुनीं, जिनमें से 22 गंभीर मामलों को आगामी टीएल बैठक में सुनवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, स्वास्थ्य, पेंशन, सामाजिक न्याय, अतिक्रमणए स्वच्छता और सिंचाई विभाग से जुड़े मामले प्रमुख रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों को जन आकांक्षा पोर्टल पर तत्काल अपलोड कर समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एडीएम अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम बीएस कुशवाह सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।